BPSC ने परीक्षा रद्द करने से किया मना

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) के अध्यक्ष** ने 70वीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (CCE) 2024 को रद्द करने की मांग को अस्वीकार कर दिया, जो **प्रश्न-पत्र लीक** के आरोपों के कारण विवाद में है।

मुख्य बिंदु

- **परीक्षा केंद्र में व्यवधान:**
  - व्यवधान **केवल एक परीक्षा केंद्र तक सीमित था** और आयोग **पुनः परीक्षा आयोजित कर इस समस्या का समाधान कर रहा है।**
  - *[illegible]* पर प्रारंभिक परीक्षा, जो **उपद्रवी अभ्यर्थियों द्वारा उत्पन्न व्यवधान के कारण रद्द कर दी गई थी, 4 जनवरी, 2025 को पटना में किसी अन्य स्थान पर पुनः आयोजित की** जाएगी।
  - पुन: परीक्षा में लगभग 12,000 अभ्यर्थियों के भाग लेने की संभावना है।
- **शो कॉज नोटिस:**
  - BPSC ने व्यवधान में कथित रूप से शामिल 34 अभ्यर्थियों को **शो कॉज नोटिस** जारी किया है।
  - इन **उम्मीदवारों को 26 दिसंबर, 2024 तक उत्तर देना होगा,** अन्यथा उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।
- **पूर्ण निरस्तीकरण की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन:**
  - उम्मीदवारों का एक समूह निष्पक्षता पर चिंता का हवाला देते हुए 13 दिसंबर, 2024 को आयोजित **पूरी परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहा है।**
  - प्रदर्शनकारी कई दिनों से *[illegible]* में धरने पर बैठे हैं, उनका तर्क है कि केवल एक केंद्र के लिये पुनः परीक्षा कराना "समान अवसर" के सिद्धांत का उल्लंघन है।

नोट:

- शो कॉज नोटिस एक **औपचारिक संचार है जो न्यायालय, सरकारी एजेंसी या किसी अन्य आधिकारिक निकाय द्वारा** किसी व्यक्ति या संस्था को जारी किया जाता है, जिसमें उनसे उनके कार्यों, **निर्णयों या व्यवहार को स्पष्ट करने या उचित ठहराने के लिये कहा जाता है।** शो कॉज नोटिस का उद्देश्य प्राप्तकर्त्ता को विशिष्ट चिंताओं या कथित उल्लंघनों **के संबंध में प्रतिक्रिया या स्पष्टीकरण देने का अवसर देना है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bpsc-rules-out-exam-cancellation